Toppersnotes
Unleash the topper in you

# UPSC Prelims

## संघ लोक सेवा आयोग

### भाग – 9

## विगत वर्षों के प्रश्न

SIERRA INNOVATIONS

# UPSC : विगत वर्षों के प्रश्न

## प्राचीन एवं मध्यकालीन इतिहास


| S.No. | Chapter Name | P.No. |
|---|---|---|
| 1. | प्रारंभिक इतिहास | 1 |
| 2. | सिन्धु घाटी सभ्यता | 1 |
| 3. | वैदिक युग | 1 |
| 4. | बौद्ध धर्म और जैन धर्म | 2 |
| 5. | मगध साम्राज्य | 3 |
| 6. | मौर्य साम्राज्य | 3 |
| 7. | गुप्त साम्राज्य | 4 |
| 8. | हर्षवर्धन | 5 |
| 9. | दक्षिण भारत के राज्य | 5 |
| 10. | संगम युग | 6 |
| 11. | प्रारंभिक मध्यकालीन काल | 6 |
| 12. | दिल्ली सल्तनत | 7 |
| 13. | विजयनगर और बहमनी साम्राज्य | 7 |
| 14. | मुगल साम्राज्य | 8 |
| 15. | भक्ति और सूफी आन्दोलन | 9 |
| 16. | विदेशी यात्रियों की नज़र से | 9 |
| 17. | महत्वपूर्ण शब्दावलियाँ | 9 |
| 18. | विविध | 10 |
| ❖ | उत्तर कुंजी | 162 |


## आधुनिक इतिहास


| S.No. | Chapter Name | P.No. |
|---|---|---|
| 19. | भारत में यूरोपीय शक्तियों का आगमन | 12 |
| 20. | सुदृढ़ीकरण और विस्तार | 12 |
| 21. | 1857 तक प्रशासनिक संगठन | 12 |
| 22. | 1858 के बाद प्रशासनिक परिवर्तन | 13 |
| 23. | सामाजिक-धार्मिक सुधार आन्दोलन | 13 |
| 24. | ब्रिटिश शासन के अधीन अर्थव्यवस्था | 14 |
| 25. | शिक्षा और प्रेस का विकास | 15 |
| 26. | ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रसिद्ध आन्दोलन | 16 |

| | | |
|---|---|---|
| 27. | राष्ट्रवाद का जन्म (उदारवादी चरण: 1885-1905) | 16 |
| 28. | उग्र राष्ट्रवाद का युग (1905-1909) | 17 |
| 29. | जन आंदोलन: गांधीवादी युग (1917-1925) | 17 |
| 30. | स्वराज के लिए संघर्ष (1925-1939) | 18 |
| 31. | स्वतंत्रता की ओर (1940-1947) | 20 |
| 32. | गवर्नर जनरल और वायसराय | 21 |
| 33. | महान भारतीय व्यक्तित्व | 21 |
| 34. | विविध | 22 |
| ❖ | उत्तर कुंजी | 162 |


# कला एवं संस्कृति


| S.No. | Chapter Name | P.No. |
|---|---|---|
| 35. | भारतीय वास्तुकला | 24 |
| 36. | मंदिर वास्तुकला | 24 |
| 37. | भारतीय मूर्तिकला | 25 |
| 38. | भारतीय चित्रकला | 25 |
| 39. | भारत में नृत्य शैलियाँ | 25 |
| 40. | भारत में संगीत | 25 |
| 41. | भारतीय धर्म और दर्शन | 26 |
| 42. | भारतीय साहित्य और भाषा | 26 |
| 43. | भारत में यूनेस्को की मूर्त विश्व धरोहर स्थलों की सूची | 27 |
| ❖ | उत्तर कुंजी | 163 |


# अर्थशास्त्र


| S.No. | Chapter Name | P.No. |
|---|---|---|
| 44. | अर्थव्यवस्था की मूल अवधारणाएँ | 28 |
| 45. | राष्ट्रीय आय लेखांकन | 28 |
| 46. | मुद्रा और मुद्रा आपूर्ति | 29 |
| 47. | भारत में बैंकिंग प्रणाली | 31 |
| 48. | मौद्रिक नीति | 36 |
| 49. | मुद्रास्फीति | 37 |
| 50. | सरकारी बजट | 38 |
| 51. | राजकोषीय नीति और कराधान | 39 |
| 52. | वित्तीय बाजार | 41 |

| | | |
|---|---|---|
| 53. | भुगतान संतुलन | 45 |
| 54. | विदेशी निवेश | 47 |
| 55. | गरीबी और बेरोजगारी | 47 |
| 56. | भारत में कृषि | 48 |
| 57. | उद्योग और अवसरंचना | 52 |
| 58. | सेवा क्षेत्र | 54 |
| 59. | अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान | 55 |
| 60. | विविध | 56 |
| ❖ | उत्तर कुंजी | 163 |


# राजनीति


| S.No. | Chapter Name | P.No. |
|---|---|---|
| 61. | ऐतिहासिक पृष्ठभूमि | 62 |
| 62. | भारतीय संविधान का निर्माण | 62 |
| 63. | भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताएँ | 63 |
| 64. | संविधान में संशोधन | 64 |
| 65. | शासन पद्धति | 64 |
| 66. | संविधान की प्रस्तावना | 66 |
| 67. | राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (भाग I: अनुच्छेद 1-4 और भाग VIII: अनुच्छेद 239-241) | 67 |
| 68. | नागरिकता (भाग II: अनुच्छेद 5-11) | 67 |
| 69. | मौलिक अधिकार (भाग III: अनुच्छेद 12 - 35) | 68 |
| 70. | राज्य के नीति -निर्देशक सिद्धांत (भाग IV: अनुच्छेद 36-51) | 69 |
| 71. | मौलिक कर्तव्य (भाग IVA: अनुच्छेद - 51A) | 71 |
| 72. | राष्ट्रपति | 71 |
| 73. | कार्यपालिका | 73 |
| 74. | संसद (भाग V: अनुच्छेद 79-122) | 73 |
| 75. | न्यायपालिका | 78 |
| 76. | राज्यपाल | 80 |
| 77. | राज्य विधानमंडल (भाग VI: अनुच्छेद 168-212) | 81 |
| 78. | भारत में स्थानीय स्वशासन: पंचायतें और नगर पालिकाएँ | 81 |
| 79. | केंद्र - राज्य संबंध | 82 |
| 80. | संविधान में विशेष प्रावधान (पाँचवी और छठी अनुसूची) | 83 |
| 81. | भारत में निकाय/प्राधिकरण | 84 |
| 82. | गैर-संवैधानिक निकाय | 85 |

| | | |
|---|---|---|
| 83. | भारत में चुनाव | 85 |
| 84. | आपातकालीन प्रावधान (भाग XVIII: अनुच्छेद 352-360) | 87 |
| 85. | विविध | 87 |
| ❖ | उत्तर कुंजी | 164 |


# भारतीय भूगोल


| S.No. | Chapter Name | P.No. |
|---|---|---|
| 86. | भारत की भौगोलिक स्थिति | 91 |
| 87. | भारत की संरचना और प्राकृतिक भूगोल | 91 |
| 88. | अपवाह तंत्र | 92 |
| 89. | जलवायु | 93 |
| 90. | भारतीय मानसून | 94 |
| 91. | प्राकृतिक वनस्पति | 94 |
| 92. | मृदा | 95 |
| 93. | फसलें | 95 |
| 94. | भारत में बंदरगाह | 96 |
| 95. | भारत में खनिज | 97 |
| 96. | भारत में प्रमुख उद्योग | 98 |
| 97. | विविध | 98 |
| ❖ | उत्तर कुंजी | 165 |


# विश्व भूगोल


| S.No. | Chapter Name | P.No. |
|---|---|---|
| 98. | पृथ्वी की उत्पत्ति और परिचय | 102 |
| 99. | पृथ्वी का विकास | 102 |
| 100. | चट्टानें | 103 |
| 101. | भू-आकृति विज्ञान | 104 |
| 102. | ज्वालामुखी | 105 |
| 103. | भूकंप | 105 |
| 104. | जलवायु विज्ञान | 105 |
| 105. | विश्व जलवायु | 108 |
| 106. | समुद्र विज्ञान | 108 |
| 107. | विविध | 109 |
| ❖ | उत्तर कुंजी | 165 |

# पर्यावरण



| S.No. | Chapter Name | P.No. |
|---|---|---|
| 108. | पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र संबंधी मूल अवधारणाएँ | 113 |
| 109. | जैव विविधता और संबंधित मुद्दे | 115 |
| 110. | वन्यजीव सरंक्षण | 115 |
| 111. | पर्यावरण संबंधी राष्ट्रीय कानून | 116 |
| 112. | सरंक्षित क्षेत्र | 118 |
| 113. | प्रमुख प्रजातियाँ और आक्रामक प्रजातियाँ | 119 |
| 114. | प्रदूषण और संरक्षण उपाय | 123 |
| 115. | भू – निम्नीकरण | 129 |
| 116. | जलवायु परिवर्तन और संबंधित अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन | 131 |
| 117. | ऊर्जा | 135 |
| 118. | पर्यावरण संबंधी शब्दावलियाँ | 137 |
| 119. | विविध | 137 |
| ❖ | उत्तर कुंजी | 166 |



# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी



| S.No. | Chapter Name | P.No. |
|---|---|---|
| 120. | जीवविज्ञान संबंधी मूल अवधारणाएँ | 140 |
| 121. | जैव प्रौद्योगिकी | 140 |
| 122. | नैनो प्रौद्योगिकी | 144 |
| 123. | सूचना प्रौद्योगिकी | 144 |
| 124. | ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी | 148 |
| 125. | क्वांटम प्रौद्योगिकी और बिग डेटा | 149 |
| 126. | सामान्य भौतिकी | 150 |
| 127. | कण भौतिकी | 150 |
| 128. | परमाणु प्रौद्योगिकी | 150 |
| 129. | अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी | 151 |
| 130. | ब्रह्मांड की उत्पत्ति और अंतरिक्ष शब्दावली | 153 |
| 131. | रक्षा प्रौद्योगिकी | 154 |
| 132. | स्वास्थ्य | 156 |
| 133. | रसायन विज्ञान | 158 |
| 134. | वैकल्पिक ऊर्जा | 159 |
| 135. | विविध | 160 |
| ❖ | उत्तर कुंजी | 167 |

## प्रारंभिक इतिहास

**विश्लेषण**

प्रारंभिक इतिहास में UPSC मुख्यतः पुरातात्विक स्थलों, उनकी स्थिति और सांस्कृतिक विशेषताओं (ताम्रपाषाण, लौहप्रस्तर, नवपाषाण) पर ध्यान केन्द्रित करता है। यह क्षेत्रीय इतिहास से जुड़े भौतिक अवशेषों जैसे टेराकोटा, तांबे की कलाकृतियाँ और शैलचित्र संरचनाओं के ज्ञान का भी परीक्षण करता है।

**1. निम्नलिखित सूचना पर विचार कीजिए:**

| | पुरातात्विक स्थल | राज्य | विवरण |
|---|---|---|---|
| **1.** | चंद्रकेतुगढ | ओडिशा | व्यापारिक बंदरगाह शहर |
| **2.** | इनामगाँव | महाराष्ट्र | ताम्रपाषाणस्थल |
| **3.** | मंगडु | केरल | महापाषाण स्थल |
| **4.** | सालिहुंडम | आंध्र प्रदेश | शैलकृत गुफा मंदिर |

**उपर्युक्त में से कौन-सी पंक्तियों में दी गई सूचना सुमेलित है? (2024)**

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1 और 4

**2. निम्नलिखित युम्मों पर विचार कीजिएः**

| (ऐतिहासिक स्थान) | (ख्याति का कारण) |
|---|---|
| 1. बुर्जहोम | शैलकृत देव मंदिर |
| 2. चंद्रकेतुगढ़ | टेराकोटा कला |
| 3. गणेश्वर | ताम्र कलाकृतियाँ |

**उपयुक्त युग्मों में से कौन-सा/कौन से सुमेलित है/हैं? (2021)**

(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 2 और 3

## सिन्धु घाटी सभ्यता

**विश्लेषण**

सिंधु घाटी सभ्यता अध्याय में, UPSC शहरी विशेषताओं जैसे नगर नियोजन, जल निकासी व्यवस्था, व्यापार और शिल्पकला पर केंद्रित होता है तथा साथ ही स्थलों और उनकी विशिष्ट खोजों पर भी ध्यान देता है। यह मुद्राओं, लिपियों, धार्मिक प्रथाओं और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता की भी परीक्षा लेता है।

**3. मोहनजोदड़ो से प्राप्त 'नाचती हुई लड़की (डांसिंग गर्ल)' नामक प्रख्यात नारी लघुमूर्ति किस पदार्थ की बनी है? (2025)**

(a) इन्द्रगोप मणि (कार्नीलियन)
(b) मृत्तिका (क्ले)
(c) कांस्य
(d) स्वर्ण

**4. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राचीन नगर अपने उन्नत जल संचयन और प्रबंधन प्रणाली के लिए सुप्रसिद्ध है, जहाँ बाँधों की श्रृंखला का निर्माण किया गया था और संबद्ध जलाशयों में नहर के माध्यम से जल को प्रवाहित किया जाता था? (2021)**

(a) धौलावीरा (b) कालीबंगा
(c) राखीगढ़ी (d) रोपड़

**5. निम्नलिखित में से कौन-सा एक हड़प्पा स्थल नहीं है? (2019)**

(a) चन्हुदड़ो (b) कोट दीजी
(c) सोहगौरा (d) देसलपुर"

## वैदिक युग

**विश्लेषण**

वैदिक युग संबंधी अध्याय में UPSC पूर्व और उत्तर वैदिक काल के समाज, शासन व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और धार्मिक प्रथाओं पर बल देता है। यह वैदिक अनुष्ठानों के साथ-साथ उन परिवर्तनों पर भी ध्यान देता है जो नये साम्राज्यों के उदय एवं नये दर्शनों की ओर संक्रमण के लिए उत्तरदायी थे।

Toppersnotes Unleash the topper in you

6. **ऋग्वेद-कालीन आर्यों और सिन्धु घाटी के लोगों की संस्कृति के बीच अंतर के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ? (2017)**
   1. ऋग्वेद-कालीन आर्य कवच और शिरस्त्राण (हेलमेट) का उपयोग करते थे जबकि सिन्धु घाटी सभ्यता के लोगों में इनके उपयोग का कोई साक्ष्य नहीं मिलता।
   2. ऋग्वेद-कालीन आर्यों को स्वर्ण, चाँदी और ताम्र का ज्ञान था जबकि सिन्धु घाटी के लोगों को केवल ताम्र और लोह का ज्ञान था।
   3. ऋग्वेद-कालीन आर्यों ने घोड़े को पालतू बना लिया था जबकि इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि सिन्धु घाटी के लोग इस पशु को जानते थे ।
   4. नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए

   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

   (c) केवल 1 और 3 (d) 1,2 और 3"

## बौद्ध धर्म और जैन धर्म

| विश्लेषण |
|---|
| बौद्ध धर्म और जैन धर्म के अध्याय में, UPSC बुद्ध और महावीर के जीवन तथा उपदेशों, प्रमुख सिद्धांतों, विभिन्न बौद्ध एवं जैन संगीतियों और संप्रदायों पर केंद्रित होता है। यह इनके प्रसार, सरंक्षणकर्ताओं, कला एवं वास्तुकला तथा इनकी समकालीन प्रासंगिकता पर भी विशेष बल देता है। |

7. **आत्मा केवल जंतु और पादप जीवन की संपदा नहीं है, बल्कि शिलाओं, प्रवाहित जलधाराओं और अन्य अनेक प्राकृतिक वस्तुओं की भी है, जिन्हें अन्य धार्मिक संप्रदाय जीवित नहीं मानते।**

   **उपर्युक्त कथन प्राचीन भारत के निम्नलिखित में से किस एक धार्मिक संप्रदाय के एक मूलभूत विश्वास को प्रतिबिंबित करता है? (2023)**

   (a) बौद्ध परंपरा (b) जैन परंपरा

   (c) शैव परंपरा (d) वैष्णव परंपरा"

8. **भारत के धार्मिक इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
   1. **स्थाविरवादी महायान बौद्ध धर्म से संबद्ध हैं।**
   2. **लोकोत्तरवादी संप्रदाय बौद्ध धर्म के महासंघिक संप्रदाय की एक शाखा थी।**
   3. **महासंधिकों द्वारा बुद्ध के देवत्वारोपण ने महायान बौद्ध धर्म को प्रोत्साहित किया।**

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ? (2020)**

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

9. **भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में, 'परामिता' शब्द का सही विवरण निम्नलिखित में से कौन-सा है? (2020)**

   (a) सूत्र पद्धति में लिखे गए प्राचीनतम धर्मशास्त्र पाठ

   (b) वेदों के प्राधिकार को अस्वीकार करने वाले दार्शनिक सम्प्रदाय

   (c) परिपूर्णताएँ जिनकी प्राप्ति से बोधिसत्व पथ प्रशस्त हुआ

   (d) आरम्भिक मध्यकालीन दक्षिण भारत की शक्तिशाली व्यापारी श्रेणियाँ

10. **भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :**
    1. **परिव्राजक - परित्यागी व भ्रमणकारी**
    2. **श्रमण - उच्च पद प्राप्त पुजारी**
    3. **उपासक - बौद्ध धर्म का साधारण अनुगामी**

    **उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं ? (2020)**

    (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

    (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**11. निम्नलिखित पर विचार कीजिए : (2019)**

**1. बुद्ध में देवत्वारोपण**

**2. बोधिसत्त्व के पथ पर चलना**

**3. मूर्ति उपासना तथा अनुष्ठान**

**4. उपर्युक्त में से कौन-सी विशेषता/विशेषताएँ महायान बौद्धमत की है/ हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3 "

**12. भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन भावी बुद्ध है, जो संसार की रक्षा हेतु अवतरित होंगे ? (2018)**

(a) अवलोकितेश्वर (b) लोकेश्वर

(c) मैत्रेय (d) पद्मपाणि

**13. भारत की धार्मिक प्रथाओं के संदर्भ में "स्थानकवासी"सम्प्रदाय का संबंध किससे है ? (2018)**

(a) बौद्ध मत (b) जैन मत

(c) वैष्णव मत (d) शैव मत"

**14. भारत के धार्मिक इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : (2017)**

**1. सौत्रान्तिक और सम्मितीय जैन मत के सम्प्रदाय थे।**

**2. सर्वास्तिवादियों की मान्यता थी कि दृग्विषय (फिनोमिना) के अवयव पूर्णत: क्षणिक नहीं हैं, अपितु अव्यक्त रूप में सदैव विद्यमान रहते हैं।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 ,न ही 2"

**15. भारत के धार्मिक इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : (2016)**

**1. बोधिसत्व, बौद्धमत के हीनयान सम्प्रदाय की केंद्रीय संकल्पना है।**

**2. बोधिसत्त्व अपने प्रबोध के मार्ग पर बढ़ता हुआ करुणामय है।**

**3. बोधिसत्व समस्त सचेतन प्राणियों को उनके प्रबोध के मार्ग पर चलने में सहायता करने के लिए स्वयं की निर्वाण प्रास्ति विलम्बित करता है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2 (d) 1,2 और 3"

## मगध साम्राज्य

| विश्लेषण |
| --- |
| मगध साम्राज्य अध्याय में, UPSC भूगोल, संसाधनों और शक्तिशाली शासकों के माध्यम से मगध साम्राज्य के उदय पर बल देता है। यह प्रशासनिक नवाचारों, सैन्य शक्ति और मौर्य साम्राज्य की स्थापना में इसकी भूमिका पर भी विशेष बल देता है। |

**16. प्राचीन भारत (600-322 ईसा पूर्व) के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए : (2025)**

**प्रादेशिक क्षेत्र : इस क्षेत्र में बहने वाली नदी**

**I. अश्मक : गोदावरी**

**II. कम्बोज : विपास**

**III. अवन्ती : महानदी**

**IV. कोसल : सरयू**

**उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

(a) केवल एक (b) केवल दो

(c) केवल तीन (d) सभी चार"

## मौर्य साम्राज्य

| विश्लेषण |
| --- |
| मौर्य साम्राज्य अध्याय में, UPSC प्रशासन, अर्थव्यवस्था, समाज और चंद्रगुप्त, बिंदुसार तथा अशोक जैसे शासकों की भूमिका पर केंद्रित होता है। यह 'अर्थशास्त्र' और अभिलेखों आदि जैसे स्रोतों के साथ-साथ मौर्यकालीन कला, वास्तुकला और इसके पतन पर भी विशेष बल देता है। |

**17. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| | **अशोककेप्रमुख शिलालेखोंकेस्थान** | **वहस्थानजिस राज्यमेंहैं** |
|---|---|---|
| **1.** | धौली | ओडिशा |
| **2.** | एर्रगुडी | आंध्रप्रदेश |
| **3.** | जौगड़ा | मध्यप्रदेश |
| **4.** | कालसी | कर्नाटक |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सुमेलित हैं? (2022)**

(a) केवल एक युग्म (b) केवल दो युग्म

(c) केवल तीन युग्म (d) सभी चारों युग्म

**18. निम्नलिखित में से किस शासक ने अपनी प्रजा को इस अभिलेख के माध्यम से परामर्श दिया?**

**कोई भी व्यक्ति जो अपने संप्रदाय को महिमा मंडित करने की दृष्टि से अपने धार्मिक संप्रदाय की प्रशंसा करता है या अपने संप्रदाय के प्रति अत्यधिक भक्ति के कारण अन्य संप्रदायों की निंदा करता है, वह अपितु अपने संप्रदाय को गंभीर रूप से हानि पहुँचाता है। (2020)**

(a) अशोक (b) समुद्रगुप्त

(c) हर्षवर्धन (d) कृष्णदेव राय

**19. सम्राट अशोक के राजादेशों का सबसे पहले विकूटन (डिमाइफर किसने किया था? (2016)**

(a) जॉर्ज बुहूर (b) जेम्स प्रिंसेप

(c) मैक्स मुलर (d) विलियम जोन्स

## गुप्त साम्राज्य

**विश्लेषण**

गुप्त साम्राज्य संबंधी अध्याय में UPSC शासकों, विदेशी विवरणों, प्रशासन, अर्थव्यवस्था (भूमि राजस्व, बंदरगाह, कर व्यवस्था) और साहित्य, कला तथा विज्ञान में सांस्कृतिक उपलब्धियों जैसे विषयों में रूचि रखता है। यह प्रसिद्ध विद्वानों, अभिलेखों, सिक्कों और इसके पतन के कारणों पर भी विशेष बल देता है।

**20. चीनी तीर्थयात्री फाह्यान ने इनमें से किसके शासनकाल में भारत की यात्रा की थी? (2025)**

(a) समुद्रगुप्त (b) चन्द्रगुप्त द्वितीय

(c) कुमारगुप्त प्रथम (d) स्कंदगुप्त

**21. भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| | **ऐतिहासिकव्यक्ति** | **किसरूपमेंजानेगए** |
|---|---|---|
| **1.** | आर्यदेव | जैन विद्वान |
| **2.** | दिङ्नाग | बौद्ध विद्वान |
| **3.** | नाथमुनि | वैष्णव विद्वान |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सुमेलित हैं? (2022)**

(a) कोई भी युग्म नहीं (b) केवल एक युग्म

(c) केवल दो युग्म (d) सभी तीन युग्म

**22. प्राचीन भारत के विद्वानों / साहित्यकारों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**1. पाणिनि पुष्यमित्र शुंग से संबंधित है।**

**2. अमरसिंह हर्षवर्धन से संबंधित है।**

**3. कालिदास चन्द्र गुप्त - II से संबंधित है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ? (2020)**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**23. भारत के इतिहास के संदर्भ में, "कुल्यावाप" "तथा "द्रोणवाप" "शब्द क्या निर्दिष्ट करते हैं? (2020)**

(a) भू-माप

(b) विभिन्न मौद्रिक मूल्य के सिक्के

(c) नगर की भूमि का वर्गीकरण

(d) धार्मिक अनुष्ठान

**24. प्राचीन भारतीय गुप्त राजवंश के समय के संदर्भ में, नगर घंटाशाला, कदूरा तथा चौल किस लिए विख्यात थे ? (2020)**

(a) विदेशी व्यापार करने वाले बंदरगाह
(b) शक्तिशाली राज्यों की राजधानियाँ
(c) उत्कृष्ट प्रस्तर कला तथा स्थापत्य से संबंधित स्थान
(d) बौद्ध धर्म के महत्त्वपूर्ण तीर्थस्थल

**25. गुप्त काल के दौरान भारत में बलात् श्रम (विष्टि) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? (2019)**

(a) इसे राज्य के लिए आय का एक स्रोत, जनता द्वारा दिया जाने वाला एक प्रकार का कर, माना जाता था।
(b) यह गुप्त साम्राज्य के मध्य प्रदेश तथा काठियावाड़ क्षेत्रों में पूर्णतः अविद्यमान था।
(c) बलात् श्रमिक साप्ताहिक मजदूरी का हकदार होता था।
(d) मजदूर के ज्येष्ठ पुत्र को बलात् श्रमिक के रूप में भेज दिया जाता था।

## हर्षवर्धन

| विश्लेषण |
|---|
| गुप्तोतर काल / हर्षवर्धन के शासनकाल संबंधी अध्याय में UPSC राजनीतिक घटनाक्रम, हर्ष के शासन और विदेशी विवरणों पर बल देता है। यह तत्कालीन धर्म , नालंदा जैसे शिक्षण केंद्रों, साहित्य (बाणभट्ट) और सामंती शासन व्यवस्था की विशेषताओं पर भी विशेष बल देता है। |

**26. गुप्त वंश के पतन से लेकर आरंभिक सातवीं शताब्दी में हर्षवर्धन के उत्थान तक उत्तर भारत में निम्नलिखित में से किन राज्यों का शासन था?**

**1. मगध के गुप्त**
**2. मालवा के परमार**
**3. थानेसर के पुष्यभूति**
**4. कन्नौज के मौखरि**
**5. देवगिरि के यादव**
**6. बल्लभी के मैत्रक**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए। (2021)**

(a) 1, 2 और 5 (b) 1, 3, 4 और 6
(c) 2, 3 और 4 (d) 5 और 6

## दक्षिण भारत के राज्य

| विश्लेषण |
|---|
| दक्षिण भारत के राज्यों से, UPSC शासकों और उनकी उपाधियों, भूदान प्रणाली तथा मंदिर-आधारित प्रशासन पर केंद्रित होता है। यह घटिकाओं (मंदिर महाविद्यालयों), भक्ति परंपराओं और वास्तुकला में पल्लव-चोल योगदान जैसे सांस्कृतिक पक्षों पर भी विशेष बल देता है। |

**27. प्राचीन भारत में इनमें से किस शासक ने 'मत्तविलास', 'विचित्रचित्त' और 'गुणभरा' उपाधियाँ धारण की थीं? (2025)**

(a) महेन्द्रवर्मन प्रथम (b) सिंहविष्णु
(c) नरसिंहवर्मन प्रथम (d) सिंहवर्मन"

**28. भारत के इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर निचार कीजिए : (2016)**

**शब्द विवरण**

**1. एरिपत्ति : भूमि, जिससे मिलने वाला राजस्व अलग से ग्राम जलाशय के रख-रखाव के लिए निर्धारित कर दिया जाता था**
**2. तनियूर : एक अकेले ब्राह्मण अथवा एक ब्राह्मण-समूह को दान में दिए गए ग्राम**
**3. घटिका : प्रायः मंदिरों के साथ संबद्ध विद्यालय**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/है?**

(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 2 और 3 (d) 1 और 3"

## संगम युग

| विश्लेषण |
|---|
| संगम युग में, UPSC ने बंदरगाहों और व्यापार केंद्रों (कोरकई, पूम्पुहार, मुशिरी), वट्टकिरुताल जैसी परंपराओं और साहित्य में परिलक्षित योद्धा नैतिकता पर ध्यान केंद्रित किया। यह संगम काव्यों में वर्णित राजनीति, समाज और भौतिक संस्कृति पर भी ज़ोर देता है। |

**29. प्राचीन दक्षिण भारत के संदर्भ में, कोरकई, पूमपुहार और मुचीर किस रूप में सुविख्यात थे? [प्राचीन दक्षिण भारत के संदर्भ में, कोरकई, पूमपुहार और मुचीर किस रूप में सुविख्यात थे? (2023)**

(a) राजधानी नगर
(b) पत्तन
(c) लोह और इस्पात निर्माण के केन्द्र
(d) जैन तीर्थंकरों के चैत्य

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, संगम कविताओं में यथावर्णित 'वटकिरुतल' की प्रथा को स्पष्ट करता है? (2023)**

(a) राजाओं द्वारा महिला अंगरक्षिकाओं को नियुक्त करना
(b) राजदरबारों में विद्वानों का, धर्म और दर्शन से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करने हेतु, एकत्र होना
(c) किशोरियों द्वारा कृषि क्षेत्रों की निगरानी करना और चिड़ियों तथा पशुओं को भगाना
(d) युद्ध में पराजित राजा का आमरण अनशन कर आनुष्ठानिक मृत्युवरण करना

**31. प्राचीन दक्षिण भारत में संगम साहित्य के बारे में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक, सही है? (2022)**

(a) संगम कविताओं में भौतिक संस्कृति का कोई सन्दर्भ नहीं है।
(b) वर्ण का सामाजिक वर्गीकरण संगम कवियों को ज्ञात था।
(c) संगम कविताओं में समर शौर्य का कोई सन्दर्भ नहीं है।
(d) संगम साहित्य में जादुई ताकतों को असंगत बताया गया है।

## प्रारंभिक मध्यकालीन काल

| विश्लेषण |
|---|
| प्रारंभिक मध्यकाल में, यूपीएससी ने चोल, चालुक्य, राष्ट्रकूट जैसे क्षेत्रीय राज्यों और उनके अभियानों, व्यापार और प्रशासन पर ध्यान केंद्रित किया। इसमें बंदरगाहों, राजवंशीय संस्थापकों और सांस्कृतिक उपलब्धियों पर भी ज़ोर दिया गया है। |

**32. इनमें से किसने शक्तिशाली समुद्रवर्ती राज्य श्रीविजय के विरुद्ध, जिसका शासन मलय प्रायद्वीप, सुमात्रा, जावा और निकटवर्ती द्वीपों पर था, एक सफल सैन्य अभियान का नेतृत्व किया था? (2025)**

(a) अमोघवर्ष (राष्ट्रकूट) (b) प्रतापरुद्र (काकतीय)
(c) राजेन्द्र प्रथम (चोल) (d) विष्णुवर्धन (होयसल)

**33. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| | राजा | राजवंश |
|---|---|---|
| 1. | नान्नुक | चंदेल |
| 2. | जयशक्ति | परमार |
| 3. | नागभट्ट द्वितीय | गुर्जर-प्रतिहार |
| 4. | भोज | राष्ट्रकूट |

**उपर्युक्त युग्मों में कितने सुमेलित हैं? (2022)**

(a) केवल एक युग्म (b) केवल दो युग्म
(c) केवल तीन युग्म (d) सभी चारों युग्म

**34. निम्नलिखित में से कौन-सा एक काकतीय राज्य में अतिमहत्त्वपूर्ण समुद्र-पत्तन था ? (2017)**

(a) काकिनाडा (b) मोटुपल्ली
(c) मछलीपटनम (मसुलीटनम) (d) नेल्लुरु

## दिल्ली सल्तनत

**विश्लेषण**

दिल्ली सल्तनत में, यूपीएससी राजनीतिक इतिहास (मंगोल आक्रमण, शासक, विदेशी संपर्क) और इक्ता व राजस्व संग्रहण जैसी प्रशासनिक प्रणालियों पर केंद्रित है। यह समाज, सूफी समूहों और फारसी प्रभाव पर भी बल देता है।

**35. भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**1. भारत पर पहला मंगोल आक्रमण जलालुद्दीन खिलजी के शासनकाल में हुआ था।**

**2. अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल में, एक मंगोल आक्रमण दिल्ली तक आ पहुँचा और उस शहर पर कब्जा कर लिया था।**

**3. मुहम्मद-बिन-तुगलक मंगोलों से अपने राज्य के कुछ उत्तरी-पश्चिमी भाग अस्थायी रूप से हार गया था।**

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं? (2022)**

(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 (d) केवल 3

**36. भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन "कुलाह-दारन" "कहलाते थे ? (2022)**

(a) अरब व्यापारी (b) कलंदर
(c) फारसी खुशनवीस (d) सय्यद

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**

**1. इल्तुतमिश के शासनकाल में, चंगेज़ खान भगोड़े ख्वारिज़्म युवराज की खोज में सिंधु नदी तक पहुँचा था।**

**2. मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में, तैमूर ने मुल्तान पर अधिकार किया था और सिंधु नदी पार की थी।**

**3. विजयनगर साम्राज्य के देव राय द्वितीय के शासनकाल में, वास्को डि गामा केरल के तट पर पहुँचा था।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं? (2021)**

(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 2 और 3

**38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : (2019)**

**1. दिल्ली सल्तनत के राजस्व प्रशासन में राजस्व वसूली के प्रभारी को 'आमिल' कहा जाता था।**

**2. दिल्ली के सुल्तानों की इक्ता प्रणाली एक प्राचीन देशी संस्था थी।**

**3. 'मीर बख्शी' का पद दिल्ली के खलजी सुल्तानों के शासनकाल में अस्तित्व में आया।**

**4. उपयुक्त में से कौन-सा/ से कथन सही है हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

## विजयनगर और बहमनी साम्राज्य

**विश्लेषण**

विजयनगर और बहमनी साम्राज्यों में, यूपीएससी शासकों, विदेशी संपर्कों, सिंचाई कार्यों और कराधान प्रणालियों पर केंद्रित है। यह नुनिज़ जैसे यात्रियों के सांस्कृतिक विवरणों में भी रूचि लेता है।

**39. मध्यकालीन भारत के निम्नलिखित शासकों में से किसने पुर्तगालियों को भटकल में एक किला बनाने की अनुमति दी थी? (2024)**

(a) कृष्णदेवराय (b) नरसिम्हा सालुव
(c) मुहम्मद शाह III (d) यूसुफ आदिल शाह

**40. विजयनगर साम्राज्य के इनमें से किस एक शासक ने तुंगभद्रा नदी पर एक विशाल बाँध निर्मित किया और नदी से राजधानी नगर तक कई किलोमीटर लंबी एक नहर और कुल्या का निर्माण किया? (2023)**

(a) देवराय प्रथम (b) मल्लिकार्जुन
(c) वीर विजय (d) विरूपाक्ष"

**41. पुर्तगाली लेखक नूनिज़ के अनुसार, विजयनगर साम्राज्य में महिलाएँ निम्नलिखित में से किन क्षेत्रों में निपुण थीं?**

**1. कुश्ती**

**2. ज्योतिषशास्त्र**

**3. लेखाकरण**

**4. भविष्यवाणी**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए। (2021)**

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**42. विजयनगर के शासक कष्णदेव की कराधान व्यवस्था से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए: (2016)**

**1. भूमि की गुणवत्ता के आधार पर भू-राजस्व की दर नियत होती थी।**

**2. कारखानों के निजी स्वामी एक औद्योगिक कर देते थे।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/है?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2.

## मुगल साम्राज्य

| विश्लेषण |
|---|
| मुगल साम्राज्य संबंधी अध्याय में, यूपीएससी प्रशासन (जागीरदारों, ज़मींदारों), विदेशी संपर्कों और अकबर, जहाँगीर और औरंगज़ेब जैसे शासकों की नीतियों पर केंद्रित है। यह साहित्य, अनुवाद, संगीत और कला आदि के संरक्षण में सांस्कृतिक योगदान पर भी ज़ोर देता है। |

**43. मध्यकालीन गुजरात के इनमें से किस एक शासक ने दियु को पुर्तगालियों के सुपुर्द कर दिया? (2023)**

(a) अहमद शाह (b) महमूद बेगढ़ा
(c) बहादुर शाह (d) मुहम्मद शाह"

**44. किसके राज्यकाल में "योगवाशिष्ठ" "का निज़ामुद्दीन पानीपति द्वारा फ़ारसी में अनुवाद किया गया? (2022)**

(a) अकबर (b) हुमायूँ
(c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब

**45. मुग़ल भारत के संदर्भ में, जागीरदार और जमींदार के बीच क्या अंतर है। हैं? (2019)**

**1. जागीरदारों के पास न्यायिक और पुलिस दायित्वों के एवज में भूमि आबंटनों का अधिकार होता था, जबकि जमींदारों के पास राजस्व अधिकार होते थे तथा उन पर राजस्व उगाही को छोड़कर अन्य कोई दायित्व पूरा करने की बाध्यता नहीं होती थी।**

**2. जागीरदारों को किए गए भूमि आबंटन वंशानुगत होते थे और जमींदारों के राजस्व अधिकार वंशानुगत नहीं होते थे।**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**46. मियाँ तानसेन के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है? (2019)**

(a) सम्राट अकबर द्वारा इन्हें दी गई उपाधि तानसेन थी।
(b) तानसेन ने हिन्दू देवी-देवताओं से संबंधित ध्रुपदों की रचना की।
(c) तानसेन ने अपने संरक्षकों से संबंधित गानों की रचना की।
(d) तानसेन ने अनेक रागों की मौलिक रचना की।

**47. इनमें से किस मुग़ल सम्राट ने सचित्र पांडुलिपियों से ध्यान हटाकर चित्राधार (एलबम) और वैयक्तिक रूपचित्रों पर अधिक जोर दिया? (2019)**

(a) हुमायूँ (b) अकबर
(c) जहाँगीर (d) शाहजहाँ"

## भक्ति और सूफ़ी आन्दोलन

**विश्लेषण**

भक्ति और सूफ़ी आंदोलन में, यूपीएससी लोकप्रिय संतों (रामानुज, कबीर और निम्बार्क आदि) की शिक्षाओं, दर्शन और कालक्रम पर केंद्रित है। यह भक्ति और सामाजिक सुधार को बढ़ावा देने में इन आंदोलनों की भूमिका पर भी ज़ोर देता है।

**48. हाल ही में हैदराबाद में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा रामानुज की आसन मुद्रा में विश्व की दूसरी सबसे ऊँची मूर्ति का उद्घाटन किया गया था। निम्नलिखित कथनों में कौन-सा एक, रामानुज की शिक्षाओं को सही निरूपित करता है? (2022)**

(a) मोक्ष प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन भक्ति हैं।

(b) वेद शाश्वत, आत्म-प्रतिष्ठित तथा पूर्णतया प्रामाणिक हैं।

(c) तर्कसंगत युक्तियाँ सर्वोच्च आनंद के मौलिक माध्यम हैं।

(d) ध्यान के माध्यम से मोक्ष पाया जा सकता हैं।

**49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए: (2019)**

**1. संत निम्बार्क, अकबर के समकालीन थे।**

**2. संत कबीर, शेख अहमद सरहिंदी से अत्यधिक प्रभावित थे।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा /से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1,न ही 2

## विदेशी यात्रियों की नज़र से

**विश्लेषण**

'विदेशी यात्री' अध्याय में, यूपीएससी भारत के व्यापार, अर्थव्यवस्था, समाज और राजनीति के बारे में विदेशी यात्रियों के वृत्तांतों पर केंद्रित है। इसमें शिल्प, खनिजों, धर्म और संस्कृति पर भी ज़ोर दिया गया है।

**50. निम्नलिखित विदेशी यात्रियों में से किसने भारत के हीरों और हीरे की खदानों की विस्तृत रूप से चर्चा की ? (2018)**

(a) फ्रांस्वा बर्नियर (b) ज्याँ बैप्टिस्ट टेवर्नियर

(c) ज्याँ द थेवेनो (d) एबे बार्थेलेमी कारे

## महत्वपूर्ण शब्दावलियाँ

**51. सिंचाई में काम आने वाला 'अरघट्टा' नामक उपकरण क्या था? (2025)**

(a) एक घिरनी (पुली) से खींचा जाने वाला चमड़े का बना पानी का थैला

(b) एक बड़ा चक्का, जिसकी अराओं (स्पोक्स) के बाहरी छोरों पर मिट्टी के पात्र बँधे हों

(c) बैलों के द्वारा खींचा जाने वाला मिट्टी का एक अधिक बड़ा पात्र

(d) सीधे हाथों से ही रस्सी द्वारा खींचा जाने वाला बड़ा जल-डोल (वॉटर बकेट)"

**52. जैसा कि अशोक के अभिलेखों से ज्ञात होता है, 'प्रादेशिक', 'राजुक' और 'युक्त' किस स्तर पर महत्त्वपूर्ण अधिकारी थे? (2025)**

(a) ग्राम-स्तरीय प्रशासन

(b) जिला-स्तरीय प्रशासन

(c) प्रांतीय प्रशासन

(d) केन्द्रीय प्रशासन स्तर"

**53. प्राचीन भारत के संदर्भ में, गौतम बुद्ध को सामान्यत: निम्नलिखित में से किन उपनामों से जाना जाता था? (2024)**

**1. नयापुत्त**

**2. शाक्यमुनि**

**3. तथागत**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) उपर्युक्त में से कोई भी गौतम बुद्ध के उपनाम नहीं हैं।

Unleash the topper in you

**54. मध्यकालीन भारत में, शब्द "फणम" "किसे निर्दिष्ट करता था? (2022)**

(a) पहनावा (b) सिक्के

(c) आभूषण (d) हथियार"

**55. मध्यकालीन भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा आकार की दृष्टि से आरोही क्रम में सही अनुक्रम है? (2021)**

(a) परगना--सरकार--सूबा

(b) सरकार--परगना--सूबा

(c) सूबा--सरकार--परगना

(d) परगना--सूबा--सरकार

**56. मध्यकालीन भारत के आर्थिक इतिहास के संदर्भ में शब्द 'अरघट्टा (Araghatta) किसे निरूपित करता है? (2016)**

(a) बंधुआ मजदूर

(b) सैन्य अधिकारियों को दिए गए भूमि अनुदान

(c) भूमि की सिंचाई के लिए प्रयुक्त जलचक्र (वाटर-व्हील)

(d) कृषि भूमि में बदली गई बंजर भूमि"

**57. निम्नलिखित में से कौन-सा उपवाक्य, उत्तर - हर्ष - कालीन स्रोतों में प्रायः उल्लिखित 'हुंडी' के स्वरूप की परिभाषा बताता है (2020)**

(a) राजा द्वारा अपने अधीनस्थों को दिया गया परामर्श

(b) प्रतिदिन का लेखा-जोखा अंकित करने वाली बही

(c) विनिमय पत्र

(d) सामन्त द्वारा अपने अधीनस्थों को दिया गया आदेश

**58. भारतीय इतिहास के मध्यकाल में बंजारे सामान्यतः कौन थे? (2016)**

(a) कृषक (b) योद्धा

(c) बुनकर (d) व्यापारी

## विविध

**59. निम्नलिखित साम्राज्यों पर विचार कीजिए :**

(1) होयसल (2) गहड़वाल

(3) काकतीय (4) यादव

**उपर्युक्त में से कितने साम्राज्यों ने अपने राज आद्य आठवीं शताब्दी ईस्वी में स्थापित किए? (2023)**

(a) केवल एक (b) केवल दो

(c) केवल तीन (d) इनमें से कोई नहीं

**60. कौटिल्य *अर्थशास्त्र* के अनुसार, निम्नलिखित में कौन-से सही हैं?**

**1. न्यायिक दंड के परिणामस्वरूप कोई व्यक्ति दास हो सकता था।**

**2. यदि एक दासी अपने स्वामी के पुत्र को जन्म देती है, तो वह कानूनी रूप से स्वतंत्र थी।**

**3. यदि स्त्री दास का स्वामी उस स्त्री से जन्म हुए पुत्र का पिता हो, तो उस पुत्र को स्वामी का पुत्र होने का कानूनी हक़ मिलता था।**

**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं (2022)**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**61. प्राचीन भारत के इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा /कौन-से सही है/हैं?**

**1. मिताक्षरा ऊँची जाति की सिविल विधि थी और दायभाग निम्न जाति की सिविल विधि थी।**

**2. मिताक्षरा व्यवस्था में, पुत्र अपने पिता के जीवनकाल में ही संपत्ति पर अधिकार का दावा कर सकते थे, जबकि दायभाग व्यवस्था में पिता की मृत्यु के उपरांत ही पुत्र संपत्ति पर अधिकार का दावा कर सकते थे।**

**3. मिताक्षरा व्यवस्था किसी परिवार के केवल पुरुष सदस्यों के संपत्ति-संबंधी मामलों पर विचार करती है, जबकि दायभाग व्यवस्था किसी परिवार के पुरुष एवं महिला सदस्यों, दोनों के संपत्ति-संबंधी मामलों पर विचार करती है।**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए। (2021)**

(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 (d) केवल 3

**62. भारत के इतिहास में निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए:**

**1. राजा भोज के अधीन प्रतिहारों का उदय**

**2. महेन्द्रवर्मन - I के अधीन पल्लव सत्ता की स्थापना**

**3. परान्तक - I द्वारा चोल सत्ता की स्थापना**

**4. गोपाल द्वारा पाल राजवंश की संस्थापना**

**उपर्युक्त घटनाओं का, प्राचीन काल से आरम्भ कर, सही कालानुक्रम क्या है? (2020)**

(a) 2 - 1 - 4 – 3 (b) 3 - 1 - 4 - 2
(c) 2 - 4 - 1 – 3 (d) 3 - 4 - 1 - 2

**63. भारत के इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| **प्रसिद्ध स्थल** | **वर्तमान राज्य** |
|---|---|
| **1. भीलसा** | मध्य प्रदेश |
| **2. द्वारसमुद्र** | महाराष्ट्र |
| **3. गिरिनगर** | गुजरात |
| **4. स्थानेश्वर** | उत्तर प्रदेश |

**उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं ? (2020)**

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 2 और 4

**64. भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में इतिवृत्तों, राजवंशीय इतिहासों तथा वीरगाथाओं को कंठस्थ करना निम्नलिखित में से किसका व्यवसाय था? (2016)**

(a) श्रमण (b) परिव्राजक
(c) अग्रहारिक (d) मागध

Toppersnotes
Unleash the topper in you